# लोस चुनाव के छठे चरण को लेकर एसएसपी ने की बैठक




**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मद्देनजर रांची लोकसभा में स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पुलिस बल एवं अर्धसैनिक बल का ठहरने हेतु मूलभूत सुविधा के साथ आवासन व्यवस्था, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति,पुलिस बल को ससमय बूथ तक पंहुचाने, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में फोर्स का सुरक्षित मूवमेंट,रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन,एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । साथ ही अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के निर्माण,भंडारण एवं खरीद-बिक्री के रोकथाम हेतु सघन छापामारी करने और बचे हुए वारंट, कुर्की के त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया।

## अस्पताल प्रबंधन ने महिला के परिजनों को दिया ₹50 हजार

# गलत इंजेक्शन से महिला की मौत अस्पताल में हंगामा, शिकायत दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड स्थित चौधरी नर्सिंग होम में कौशल्या देवी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। कौशल्या देवी पंडरा इलाके के लक्ष्मीनगर के भूमिहार मुहल्ला में अपने परिवार के साथ किराये पर रहती थी। महिला की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने पांच घंटे तक अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा मचाया। हंगामे की सूचना पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और इंस्पेक्टर मनोज कुमर सदल- बल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। परिजनों ने महिला की मौत पर अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। सुखदेवनगर थाने में परिजनों के बयान पर लिखित शिकायत दर्ज की गयी है। शिकायत के आधार पर पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। महिला के तीन बच्चे हैं और वह मूल रूप से गिरिडीह की रहनेवाली थी।

### मानवता के नाम पर प्रबंधन ने दिया 50 हजार

अस्पताल प्रबंधन ने मानवता के नाम पर कौशल्या देवी के परिजनों को तत्काल 50 हजार रूपये की सहायता राशि उपलब्ध कराया। परिजनों को यह भी आश्वासन दिया गया कि भविष्य में उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। अस्साल प्रबंधन का कहना है कि महिला सुबह पांच बजे के करीब खुद स्कूटी चलाकर अस्पताल आई थी। महिला के पेट में दर्द था। इंजेक्शन भी महिला के परिजनों के द्वारा ही लाया गया था। इंजेक्शन लगाने के बाद दोपहर में महिला की तबीयत खराब हो गयी। जबतब डॉक्टर कुछ समझ पाते, तबतक महिला की मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि महिला का शव का बुधवार को पोस्टमार्टम किया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किये गये अमित कुमार वर्मा



रांची। रातू रोड निवासी अमित कुमार वर्मा को ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ बोस्टन ने उनके द्वारा किये गए सामजिक कार्य के लिए गोवा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिगमरकामंत के हाथों डॉक्टरेट के मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। मानद उपाधि मिलने के बाद उन्होंने कहा कि डॉक्टरेट की उपाधि मिलने के बाद समाज के प्रति और जिम्मेदारी बढ़ गई है। ज्ञात हो कि कोरोना काल में अमित कुमार वर्मा ने बढ़-चढ़ कर समाज की मदद् की थी।

### शौर्य प्रताप शाहदेव और शांभवी प्रभा ने बोर्ड की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन





**रांची।** सीबीएसई के द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में डीपीएस के छात्र शौर्य प्रताप शाहदेव ने मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.6 प्रतिशत लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं उनकी बहन बारहवीं की छात्रा शांभवी प्रभा ने 95 प्रतिशत लाकर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षक, अपने पिता प्रतुल शाहदेव और अपनी माता विद्या झा को दिया है। इनकी सफलता पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने बधाई दी है।

### उज्ज्वल जायसवाल बने कैंब्रिज स्कूल के टॉपर

**रांची।** सीबीएसई दसवीं के जारी परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज स्कूल टाटीसिलवे का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के छात्र उज्जवल कुमार जायसवाल 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने, जबकि छात्रा अर्पिता सिंह 85.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय तथा नितीश कुमार 79.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य टीके नाथ ने बताया की विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के निदेशक अभिषेक सिंह ने परीक्षा में शामिल हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### सीआइटी में रक्तदान शिविर आयोजित

**रांची।** मंगलवार को सीआईटी में एनएसएस एवं उन्नत भारत अभियान के तत्वाधान में रिम्स के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विद्यार्थियों ने कुल 58 यूनिट रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित रिम्स के चिकित्सक डॉ चंद्र भूषण व डॉ दीपक चौधरी ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान से जुड़े भ्रान्तियों को दूर किया। मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन व एनएसएस प्रभारी प्रो. अरशद उस्मानी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### मदर्स डे पर मां शारदे मंच ने बांटी साड़ी



रांची। मां शारदे मंच की ओर से मदर्स डे के अवसर पर हेसाग स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में 30 माताओं के बीच साड़ी एवं फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने किया। इस अवसर पर जूली वर्मा, रजनी बक्शी, कमला देवी, समीर सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूरब गोयल,अनीता सिंह, मनोरमा सिंह, पुष्कर सिंह, किरण सिन्हा, उमा सिन्हा, आभा रंजन, रंजनी बक्शी, अरुण शर्मा, जुली वर्मा एवं समीर सिन्हा ने सहयोग किया। साड़ी पाकर आश्रम की सभी माताएं बहुत प्रसन्न दिखीं और सभी ने मंच को काफी आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के उपरांत मंच की अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 9 जून को

**रांची।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा मारवाड़ी समाज के मेधावी छात्र- छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह 9 जून को स्थानीय महाराजा अग्रसेन भवन, अग्रसेन पथ मे होगा। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि 9 जून के समारोह मे जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त किया हो या प्रोफेशनल डिग्री हासिल की हो उन्हें प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए विकास अग्रवाल एवं विशाल पाड़िया को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। विशेष जानकारी के लिए संयोजक के व्हाट्सएप नंबर 8797942294, 9334425505 पर संपर्क कर सकते है।

### श्री श्याम मित्र मंडल का स्थापना दिवस 19 मई को



रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित श्री श्याम मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह वैशाख माह की मोहिनी एकादशी रविवार 19 मई को धूमधाम से विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ होंगे। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का भव्य मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा । सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ पूजन करके खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। नारसरिया ने बताया की विभिन्न प्रकार के मिष्ठान फल पंचमेवा रबड़ी दूध नारियल मगही पान भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया जाएगा । कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा अपने सहयोगियों के साथ मधुर भजनों का गायन करेंगे। वे कोलकाता से रविवार को रांची पहुंचेंगे।

## 20 की परीक्षा तिथि में बदलाव को लेकर छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के रजिस्टर विनोद नारायण से मुलाकात कर 20 मई को आयोजित परीक्षा की तिथि बदलने की मांग को लेकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। मौके पर आजसू के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा 20 मई को रांची विवि की ओर से यूजी सेमेस्टर 1 की परीक्षा प्रारंभ की जाएगी। वहीं, 20 मई को राज्य की चार लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। जिन-चार लोकसभा सीटों पर मतदान होना है वहां के हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं रांची विश्वविद्यालय में पढ़ते हैं। इनमें अधिकांश छात्र छात्राएं हैं फर्स्ट टाइम वोटर हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय को 20 तारीख की परीक्षा तिथि में बदलाव करनी चाहिये। मौके पर मौजूद विवि के कुल सचिव विनोद नारायण ने छात्रों को भरोसा दिलाया के विश्वविद्यालय के कुलपति से बात कर इस मामले पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल, कंदरी मोड़ मांडर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हर्षित कुमार स्कूल टॉपर रहे।

10वीं बोर्ड में स्कूल से 240 बच्चे परीक्षा में भाग लिये थे और सभी उत्तीर्ण हुए। बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करनेवालों में हर्षित कुमार 94.4 प्रतिशत, सूर्यांषु कुमार 94.2, अपेक्षा बाला 93.2 प्रतिशत, आर्यन राज 92.6, खुशी कुमारी 92.2, रितिका वर्मा 90.6 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं 12वीं की परीक्षा में 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कुमारी प्रगति स्कूल में अव्वल रही। वहीं प्रियांशु कुमारी 74.8, मोबासिर जिलानी 74.2 और तनिशा बरियार 70.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रौशन किया। बता दें कि दयानदं आर्य विद्या पब्लिक स्कूल का दूसरा ब्रांच कमड़े रविस्टील में है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश दत्त ने कहा कि विद्यालय का परीक्षाफल बहुत अच्छा हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों की उचित मार्गदर्शन से यह परिणाम हासिल हुआ है। उन्होंने बच्चों को उनको उज्जवल भविष्य के लिए आगे भी कड़ी मेहनत करते रहने की सीख दी।

# डॉक्टरों ने आइएमए में भरी हुंकार मांगा पांच करोड़ रुपये का बीमा

### आइएमए में बैठक आयोजित

### राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो और 50 बेड तक के अस्पतालों को रजिस्ट्रेशन और रेगुलेशन एक्ट से मुक्त करे राज्य सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आइएमए झारखंड चैप्टर और झासा ने राज्य के डॉक्टरों के लिए पांच करोड़ रुपए बीमा की मांग की है। झासा के अधिकारियों ने कहा है कि डॉक्टरों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अंचल अधिकारी के समकक्ष शक्ति मिले। स्थायी विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में न्यूनतम 5 करोड़ का स्वास्थ्य बीमा हो। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ही शिक्षक होंगे, शिक्षक की न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस होगी। नॉन एमबीबीएस शिक्षकों की पहचान कर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और रिक्त पदों पर योग्य डॉक्टर की शिक्षक के रूप में बहाली की जाए। यह निर्णय मंगलवार को रांची के आइएमए भवन में हुई बैठक में ली गयी।

**23 राज्यों में लागू है मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट :** आइएमए झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने कहा कि देश के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। झारखंड में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 23 मार्च 2023 को ही कैबिनेट से पारित हुआ। विधानसभा के पटल पर रखा गया। विधानसभा में बहस के बाद इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया। इस आशय के साथ कि एक महीने के अंदर समिति की रिपोर्ट सौंप दी जाए, परंतु यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस पर अभी तक कुछ भी नहीं किया गया।

**क्लीनिक को रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन एक्ट से करें मुक्त :** आइएमए के महासचिव डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि 50 बेड तक के छोटे और मध्यम स्तर के अस्पताल और क्लीनिक को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट 2010 से मुक्त किया जाए। इसके लिए निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता और आईएमए की सहभागिता में एक टीम बनाई गई थी। क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का फाइनल प्रारूप तैयार किया और विभाग को सौंपा। फाइल विगत एक साल से विभाग में यथावत पड़ा हुआ है। बैठक में आइएमए की ओर से आर दास, डॉ बीपी कश्यप, झासा की ओर से डॉ विमलेश सिंह, डॉ टीपी साहा, डॉ ठाकुर मृत्युंजय सहित अन्य डॉक्टर मौजूद थे।

## बोरिया-बिस्तर समेट लें सरयू : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने निर्दलीय विधायक सरयू राय को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र (जमशेदपुर) बोरिया बिस्तर लेकर जाने की नसीहत दी है। पूर्व मेयर सह भाजपा नेता चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि पहले सरयू राय ने कहा था कि वह धनबाद से चुनाव लड़ेंगे, जनता का समर्थन मिल रहा है। इसके बाद वह चुनाव नहीं लड़े। बयानबाजी से लोकतंत्र नहीं चलता है। उनका हाल राजा पीटर जैसा है, उन्हें अपने क्षेत्र जमशेदपुर जाना चाहिए। यहां से बोरिया बिस्तर समेट अपने विधानसभा क्षेत्र जाएं।

बताते चलें कि विधायक सरयू राय ने आरोप लगाया था कि ढुल्लू महतो ने लेढीडूमर और दरिदा में जेल से ऊंची दीवार बना कर 50 से अधिक रैयत किसानों की जमीन पर कब्जा किया है। 200 एकड़ जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण करा दी है। किसानों पर दबाव बना रहे हैं कि वह जमीन सस्ती दामों पर बेच दे। जो किसान विरोध कर रहे हैं। उसे धमकी मिल रही है। सरयू ने कहा कि जमीन रैयतों की है, इसका कागजी प्रमाण है।

## 41 लीगल लिट्रेसी क्लब का पुनर्गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा मंगलवार को 41 लिगल लिट्रेसी क्लब का पुनर्गठन किया गया है। ज्ञात हो कि झालसा की ओर से डालसा, रांची को 41 लिगल-लिट्रेसी-क्लब का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया गया था। 41 लीगल लिट्रेसी क्लबों के नाम कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, अनगड़ा, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बेड़ो, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बुण्डू, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बुढ़मू, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चान्हो, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके सहित कुल 41 स्कूलों में लिट्रेसी क्लब का पुनर्गठन किया गया। लीगल लिट्रेसी क्लब का गठन हो जाने के बाद स्कूल में पढ़ रहे बच्चे-बच्चियों को विधि की प्रारंभिक जानकारी प्राप्त होंगी। उन्हें डालसा के द्वारा संविधान के अधिकार और मूल कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## 12 राज्यों के सीएम एक्सीलेंस स्कूलों के प्राचार्य शिक्षकों की ट्रेनिंग शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में मंगलवार से प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित दस दिवसीय कार्यशाला के दूसरे फेज की शुरुआत हुई। इसमें जेसीइआरटी के निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट के उद्देश्य, इसके लाभ, क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण में राज्य भर के 12 जिलों के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (गैर आवासीय) के प्राचार्य और एक शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे चरण में सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढ़वा, सिमडेगा, चतरा के प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया।

**क्या है प्रोजेक्ट की खासियत :** बताते चलें कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट की ट्रेनिंग के लिए यह दूसरा बैच है। ट्रेनिंग में शामिल प्रतिभागियों को फिल्म दिखाया जाता है। स्टूडेंट्स की तरह असेंबली कराई जाती है। योग, मेडिटेशन, जुम्बा, एयरोबिक्स, गिल्ली डंडा, कंचा, रस्साकशी, पिट्टो जैसे पारंपरिक खेलों की जानकारी दी जाती है। उन्नत खेती, साफ सफाई, वाल पेंटिंग वगैरह भी टीचर से कराया जाता है, जो अपने स्कूलों में बी स्टूडेंट्स को बता सकें।

### मतदाताओं से नारी शक्ति सेना (गुलाबी गैंग) की अपील

## चुनें योग्य जनप्रतिनिधि : रानी कुमारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला हितों के संरक्षण के लिए गत डेढ़ दशक से संघर्षरत गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था नारी शक्ति सेना(गुलाबी गैंग) ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेने की अपील की है। संगठन की अध्यक्ष (पूर्व जैक पार्षद) रानी कुमारी ने झारखंड के सभी सामाजिक व गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों से चुनाव के दिन मतदान में भाग लेकर आवश्यक रूप से वोट देने का अनुरोध किया है। उन्होंने चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं की सहभागिता सुनि‍ि्चत कराने के लिए सभी महिला संगठनों से बढ़कर हिस्सा लेने की भी अपील की है। रानी कुमारी ने कहा है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और एक योग्य जनप्रतिनिधि चुनें, जो महिला हितों के संरक्षण के प्रति सकारात्मक नजरिया रखते हों।

**अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की अपील**

इस संबंध में मंगलवार को सुंदर नगर, हेहल में नारी शक्ति सेना (गुलाबी गैंग) की एक बैठक की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में सभी सदस्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और बेहतर जनप्रतिनिधि चुनकर स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर सोनी देवी, अंजली देवी, सुनैना देवी, द्रोपदी देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, अनु कुमारी, काजल कुमारी, पूजा कुमारी, ममता कुमारी, चंदा कुमारी, मीना देवी, गायत्री देवी, खुशी देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व. डॉ करमा उरांव

**रांची।** स्व. डां करमा उरांव के प्रथम पुण्यतिथि पर मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर मंगलवार को श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें सभी समुदाय के साथ शिक्षाविद, समाजिक कार्यकर्ता के साथ सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। मौके पर लोगों ने झारखंड के लिए और सरना समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया साथ ही आखिर समय में उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड शैक्षणिक संस्थानों में सुधार, आदिवासी मूलवासी युवाओं को रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कैपिटल हिल में 19 और 20 को फैशन पॉइंट वेडिंग डायरी एग्जिबिशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** फैशन पॉइंट्स वेडिंग डायरी एग्जिबिशन,19 और 20 मई को होटल कैपिटल हिल में लगाया जा रहा है। इस बार फैशन पॉइंट के इस अमेजिंग इवेंट में राजधानी वासियों के लिए बहुत कुछ नया होगा। ।बड़े डिजाइनर फैशन पॉइंट एग्जीबिशन में अपने नई कलेक्शन की लॉन्चिंग भी करेंगे। इस मौके परा मदर्स डे का भी सेलिब्रेशन किया जाएगा। एग्जीबिशन में कोलकाता के मशहूर डिजाइनर अपने लेटेस्ट साड़ियों का कनेक्शन ले कर आ रहें हैं, जहाँ आपको कांजीवरम, बनारसी और अन्य तरह की एक्सक्लूसिव साड़ियां देखने को मिलेंगे, वही कोलकाता के मशहूर फैशन डिजाइनर अभिषेक राय एवं चैतन्य शर्मा से आप यहां ड्रेसेस कस्टमाइज भी करवा सकते हैं। मुंबई, दिल्ली कोलकाता, मुंबई बैंगलोर, जैसे मेट्रो सिटीज के साथ-साथ लखनऊ, बनारस, जयपुर, पंजाब के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के कलेक्शन भी देखने को मिलेंगे। जो खास कर रांची वासियों के लिए डिजाइन किए गए हैं। वही रियल इमिटेशन और फैशन ज्वेलरी की भी भरमार होगी। फैशन पॉइंट के इस शो की खास बात यह है कि यहां पेश किया जा रहे तमाम कलेक्शन जो पूरी तरह से प्योर हैंडमेड एंड हैंडलूम पर फोकस्ड है। शो में आपको प्योर ओरिजिनल मटेरियल हैंड वर्क की कारीगरी भी देखने को मिलेगी। फैशन पॉइंट की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया यह एग्जिबिशन बिल्कुल हट कर होगा और और देश के कई नामी डिजाइनर के लेटेस्ट कलेक्शन रांची में लॉन्च किया जाएगा । एग्जीबिशन में प्रतिदिन विजिटर्स के लिए लकी ड्रॉ कराया जाएगा, जिसमें विजिटर को चांदी के सिक्के उपहार स्वरूप भेंट किए जाएंगे। एग्जीबिशन के कई स्टॉल चैरिटी के लिए समर्पित है।

## पीएम मोदी रोज नये शिगूफे छोड़ रहे, सावधान रहें : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** हजारीबाग और चतरा लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं की चुनावी समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला मुख्यालय में हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले 5 वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं, अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि संगठन द्वारा बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा चुनाव की धारा को मोड़ने का यदि कोई भी गैरवैधानिक कार्य किया जाए या अफवाह फैलाया जाता है तो उससे आम लोगों को सावधान किया जा सके।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है।

प्रधानमंत्री मोदी रोज नए शिगूफे छोड़ रहे हैं ताकि लोग भटक जाएं। मतदान के चार चरणों में जनता ने पूरे धैर्य के साथ मतदान किया है और अभी तक इनके बहकावे में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि जनता को बरगलाने के लिए बिन बुलाए पाकिस्तान जाने वाले मोदी राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि जनता का मत पाने के लिए उनके पास अपने द्वारा किए गए 10 वर्षों का कोई भी कार्य गिनाने को नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं। वो नहीं चाहते हैं कि देश में आदिवासियों दलितों का उत्थान हो।

राजेश ठाकुर ने कहा कि आरएसएस के एजेंडे को पूरा करने में मोदी सरकार लगी हुई है। आरएसएस के एजेंडे में ही लोकतांत्रिक और आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में नेताओं पर फर्जी मुकदमे किये जा रहे हैं। फर्जी मुकदमों के बल पर आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। देश का संविधान खतरे में है भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। यदि भाजपा सत्ता में आई तो इसका सबसे बड़ा खामियाजा आदिवासियों को भुगतना पड़ेगा क्योंकि अपने पूंजीपति दोस्तों के विकास के लिए जंगल की जमीनों को भी उन्हें देने से परहेज नहीं करेंगे।

बैठक में बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, केन त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, प्रमोद दुबे, मदन मोहन शर्मा, गजेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

